समाचार

राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाकर लक्ष्य को प्राप्त करें–आयुक्त

(आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर वसूली कार्य की समीक्षा की, वार्डो में द्वितीय चरण के शिविरों के आयोजन के दिए निर्देश)

कोरबा 15 जुलाई 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम के राजस्व अधिकारियों व निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम के राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लायें तथा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होने कहा कि द्वितीय चरण के राजस्व वसूली शिविरों के आयोजन हेतु तुरंत कार्ययोजना बनाएं तथा वार्डो में शिविर लगाएं।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम के राजस्व अधिकारियों व निरीक्षकों की बैठक लेकर राजस्व वसूली की कार्यप्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान निगम द्वारा 28 जून से 15 जुलाई तक वार्डो में आयोजित किए गए राजस्व वसूली शिविरों के दौरान वसूल की गई कर राशि की वार्डवार समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियो को दिए। आयुक्त श्री शर्मा ने कहा कि निगम के बड़े बकायादारों से बकाया कर की राशि की वसूली कार्य को प्राथमिकता के साथ करें तथा वसूली हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। आयुक्त श्री शर्मा ने निगम की दुकान, भवन आदि के किराए की वर्तमान वसूली एवं बकाया राशि की समीक्षा की। उन्होने राजस्व अधिकारियों एवं उप जोन प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दुकान किराया की बकाया राशि के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें तथा दुकानदारों को प्रेरित कर बकाया राशि जमा करवाएं।

शिविर के माध्यम से निगम ने की 1 करोड़ 28 लाख रू. की राजस्व वसूली– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 28 जून से वार्डो में लगाए जा रहे राजस्व वसूली शिविरों के माध्यम से आज दिनांक 15 जुलाई तक 01 करोड़ 28 लाख रूपये की राशि राजस्व वसूली की है। यहां उल्लेखनीय है कि

आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने करदाताओं की सुविधा हेतु वार्डो में राजस्व वसूली शिविरों के आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत निगम द्वारा निर्धारित तिथियों में वार्डो में राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया गया। आयुक्त श्री शर्मा ने निगम के करदाताओं व बकायादारों से अपील करते हुए कहा है कि वे वार्डो में लगाए जा रहे राजस्व वसूली शिविरों में पहुंचकर अपने बकाया करों का भुगतान करें। उन्होने कहा है कि निगम क्षेत्र का विकास एवं नागरिक सुविधाओं व सेवाओं की उपलब्धता निगम को करों से प्राप्त होने वाली राशि के माध्यम से ही सुनिश्चित की जाती है, अतः समय पर करों का भुगतान कर नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, अनिरूद्ध सिंह, अशोक बनाफर, राजबहादुर सिंह, राजस्व निरीक्षक शशांक दुबे, सुमित गुप्ता, अविनाश जायसवाल अन्य अधिकारी उपस्थित थे।